सीसीटीएनएस / ई–मेल

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्रॉक: टीएस–सीसीटीएनएस–49 / 2010(V)　　　　　　　　दिनांक:मार्च 28, 2019

::कार्यालय ज्ञाप::

सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत दिनांक: 11–03–2016 को आहूत स्टेट एपेक्स कमेटी में लिए गये निर्णय के आलोक में स्टेट इम्पावर्ड कमेटी द्वारा सीसीटीएनएस योजना को दिनांक: 11–03–2016 से Go-Live अर्थात Operation & Maintenance (O&M) Phase घोषित किया गया था। यह सीसीटीएनएस में यह कार्य सिस्टम इन्टीग्रेटर मेसर्स एनआईआईटी द्वारा सम्पादित किया जा रहा था जो दिनांक: 10–03–2019 को तीन वर्ष उपरान्त समाप्त हो गया है।

2– उल्लेखनीय है कि सिस्टम इन्टीग्रेटर के साथ हस्ताक्षरित अनुबंध के आधार पर अनुबंध की शर्तों के अधीन इसे 02 वर्ष तक और बढ़ाया जा सकता है। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आहूत करायी गयी बैठक दिनांकित: 04–01–2019 में भी उक्त बिन्दु पर चर्चा की गयी परन्तु एनआईआईटी के प्रतिनिधि के उपस्थित न होने के कारण अनुबंध बढ़ाये जाने पर निर्णय नहीं लिया जा सका फलतः एनआईआईटी के साथ दिनांक: 10–03–2019 को समाप्त हो रहे अनुबंध के Operation & Maintenance (O&M) Phase के संबंध में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रश्नगत प्रकरण के संबंध में अल्प कालिक ई–निविदा उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें द्वारा शीघ्र जारी कर अग्रेतर कार्यवाही समय के अन्तर्गत कराई जाए।

3– उत्तर प्रदेश शासन स्तर पर दिनांक: 04–01–2019 को आहूत की गयी स्टेट एपेक्स कमेटी की कार्यवाही का कार्यवृत्त तकनीकी सेवायें मुख्यालय स्तर पर ई–निविदा में वित्तीय आगणन जैसे बैंक गारण्टी, ई–निविदा मूल्य इत्यादि की कार्यवाही इस मुख्यालय स्तर पर आगणित की गयी लगभग **धनराशि रू0 450 लाख** के आधार पर कर ली गयी तथा इसका वास्तविक व्यय वित्तीय वर्ष 2019–2020 हेतु सीसीटीएनएस के लिए प्रस्तावित बजट धनराशि से कर लिया जायेगा।

4– उपरोक्त के संबंध में दिनांक: 02–02–2019 को ई–टेण्डर की कार्यवाही की गयी जिसमें किसी भी निविदा दाता के द्वारा निविदा प्रस्तुत न किये जाने के कारण पुनः ई–टेण्डर दिनांक: 06–03–2019 को आमन्त्रित की गयी दोनों बार में संबंधित प्रतिष्ठित भिज्ञ फर्मों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत प्री–बिड मीटिंग की गयी परन्तु आज दिनांक: 28–03–2019 को टेण्डर पोर्टल पर निविदा खोले जाने पर भी कोई निविदा प्राप्त नहीं हुई है।

5— उपरोक्त के संबंध में यह भी अवगत कराना है कि एनआईआईटी के द्वारा स्थापित किये गये डाटा सेन्टर व डिजास्टर रिकवरी सेन्टर पर साफ्टवेयर लाइसेंस अवधि तथा हार्डवेयर की ए0एम0सी0 सपोर्ट दिनांकः 31—03—2019 को समाप्त हो रही है।

6— दो बार टेण्डर किये जाने के उपरान्त भी कोई निविदा प्राप्त न होने पर निम्न समिति का गठन इस निर्देश के साथ किया जाता है कि प्रश्नगत समिति तत्काल इस आशय की आख्या उपलब्ध करायेगी कि किस प्रकार सीसीटीएनएस योजना को निर्वाधित रूप से संचालित किया जा सकता है प्रेषित की जाने वाली आख्या वित्तीय तथ्यों का भी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए ताकि सक्षम अधिकारी के स्तर पर उस आख्या को प्रस्तुत कर अग्रेतर निर्देश प्राप्त किये जा सकें।

क्र0सं0	अधिकारी / कार्मिक	अन्य विवरण
1	पुलिस अधीक्षक/ सहायक निदेशक, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ।	अध्यक्ष
2	पुलिस उपाधीक्षक, सीसीटीएनएस, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।	संयोजक
3	श्री वामसी दातारी, एसपीएमयू, प्रतिनिधि डाटावेस मैनेजर	सदस्य
4	श्री आसिफ जमा खॉन, एसपीएमयू प्रतिनिधि डाटा सेन्टर मैनेजर	सदस्य
5	श्री अमित कुमार, एसपीएमयू प्रतिनिधि नेटवर्क मैनेजर	सदस्य
6	श्री रामदूत सिंह, प्रोग्रामर ग्रेड—2, सदस्य डाटा सेन्टर टीम, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र।	सदस्य
7	श्री कृष्ण मुरारी, प्रोग्रामर ग्रेड—2, सदस्य एप्लीकेशन टीम, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र।	सदस्य
8	श्री विवेक कुमार रावत, सदस्य आफ लाइन एप्लीकेशन टीम, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र।	सदस्य

2/3

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
कनीकी सेवायें,उत्तर प्रदेश0,
लखनऊ

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु।

1. अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज को सूचनार्थ प्रेषित।
2. पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस आशय से कि वह प्रश्नगत प्रकरण के संबंध में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश को संज्ञानित करने का कष्ट करें।
3. पुलिस अधीक्षक/ सहायक निदेशक, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ।
4. पुलिस उपाधीक्षक, सीसीटीएनएस, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
5. श्री वामसी दातारी, एसपीएमयू, प्रतिनिधि डाटावेस मैनेजर।

6. श्री आसिफ जमा खॉन, एसपीएमयू प्रतिनिधि डाटा सेन्टर मैनेजर।
7. श्री अमित कुमार, एसपीएमयू प्रतिनिधि नेटवर्क मैनेजर
8. श्री रामदूत सिंह, प्रोग्रामर ग्रेड–2, सदस्य डाटा सेन्टर टीम, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र।
9. श्री कृष्ण मुरारी, प्रोग्रामर ग्रेड–2, सदस्य एप्लीकेशन टीम, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र।
10. श्री विवेक कुमार रावत, सदस्य आफ लाइन एप्लीकेशन टीम, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र।